संसद सदस्यों ने श्रीमती इन्दिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 19 नवम्बर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; उपसभापति, राज्य सभा, श्री हरिवंश; राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्रीमती सोनिया गांधी और संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने आज श्रीमती इन्दिरा गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

लोकसभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव, श्री पी. सी. मोदी ने श्रीमती इन्दिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, श्री आर. वेंकटरमन ने 19 नवंबर, 1987 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्रीमती इन्दिरा गांधी के चित्र का अनावरण किया था।